आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 09.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्वीकृत और निर्माणाधीन कार्यों की जांच शुरू—स्कूल शिक्षा सचिव ने कलेक्टरों को पंद्रह दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने के दिए निर्देश।

2— केन्द्रीय वित्त आयोग का बारह सदस्यीय दल कल से छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेगा।

3— ''एक भारत—श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत राजभवन में आज मनाया गया बिहार, ओडिशा, गुजरात, तेलंगाना और सिक्किम राज्यों का स्थापना दिवस।

4— कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई—मौके से हथियार और माओवादी सामग्री बरामद।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना

प्रदेश में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत वर्ष दो हजार बाईस—तेईस में स्कूलों में किए गए मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत कार्यों की जांच शुरू कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी कलेक्टरों को जांच कर पंद्रह दिनों के भीतर लोक शिक्षण संचालनालय को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

स्थापना दिवस

''एक भारत—श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत रायपुर स्थित राजभवन में आज बिहार, ओडिशा, गुजरात, तेलंगाना और सिक्किम राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले गुजराती, बिहारी, उड़िया, तेलुगू समाज और सिक्किम के लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान तथा समझ से भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सभी राज्य एक—दूसरे से सीखने और भारत को अधिक शक्तिशाली, समृद्ध तथा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मिलकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने ''एक भारत—श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्यों में एक—दूसरे का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

केन्द्रीय वित्त आयोग—छत्तीसगढ़

सोलहवें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बारह सदस्यीय दल कल से छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेगा। यह दल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा अधिकारियों के साथ, राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास और आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार—विमर्श करेगा। इसके बाद यह दल बारह और तेरह जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर रहेगा।

केन्द्रीय वित्त आयोग के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर वित्त सचिव मुकेश बंसल ने तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए।

राज्य मंत्रिमंडल—बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक जारी है। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हो रही है। बैठक में कई अहम निर्णय लिए जाने की संभावना है।

एक पेड़ मां के नाम

'एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों में तीन करोड़ पचयासी लाख पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान की शुरूआत ग्यारह जुलाई को शाम चार बजे नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस अभियान के तहत वृक्षारोपण स्थलों का नामकरण स्थानीय देवी—देवताओं के नाम पर करने का आह्वान किया है। अभियान के दौरान सभी जिलों में ग्राम और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से पौधे लगाए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत सभी स्कूलों, छात्रावासों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, पुलिस चौकी, अस्पताल, शासकीय परिसर, शासकीय और अशासकीय भूमि, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण किया जा रहा है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा वनमंडल में एक–पेड़ मां के–नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने निःशुल्क पौधा वितरण के लिए स्ट्राईक फोर्स वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इधर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के माओवाद प्रभावित अंडी थाने में पुलिस द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय अर्धसैनिक बल, आईटीबीपी, वन विभाग, ग्राम पंचायत और ग्रामीण शामिल हुए।

भाजपा–कार्यसमिति बैठक

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कल दस जुलाई को रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। बैठक में केंद्रीय शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल खट्टर और भाजपा के राष्ट्रीय सह–संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे। बैठक में नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा होगी।

इस बीच, केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर और भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन आज शाम रायपुर पहुचेंगे।

तहसीलदार–नायब तहसीलदार–अवकाश

प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर कल से तीन दिनों तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले एक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सामूहिक अवकाश पर जाने की सूचना विभागीय मंत्री को दी गई है। वहीं, संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

अमृतकाल–निबंध प्रतियोगिता

राज्य नीति आयोग, उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ''विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़'' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता के जरिये युवाओं और विद्यार्थियों से सुझाव लिए जाएंगे। इसमें राज्य के सभी महाविद्यालयों, शासकीय तथा अनुदान प्राप्त और निजी विद्यालयों के कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं।

राज्य नीति आयोग के सदस्य अनूप श्रीवास्तव और के. सुब्रमण्यम ने बताया कि छात्रों के लिए निबंध लेखन में पंद्रह सौ से ढ़ाई हजार शब्दों की सीमा होगी। निबंध हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखने होंगे। निबंध में छात्रों को छत्तीसगढ़ की वर्तमान स्थिति का आंकलन करना होगा।

आरएसएस–बैठक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस की अखिल भारतीय स्तर की प्रांत–प्रचारक बैठक बारह से चौदह जुलाई तक रांची में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में देशभर के सभी प्रांत–प्रचारक शामिल होंगे। बैठक में संघ के प्रशिक्षण वर्ग के वृत्तांत और समीक्षा, आगामी वर्ष की योजना का क्रियान्वयन और सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत के प्रवास पर चर्चा की जाएगी। साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर भी विचार विनिमय किया जाएगा।

माओवादी मुठभेड़

कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिनागुन्डा के जंगल में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई है। मौके से माओवादी के शव के साथ एक थ्री नॉट थ्री रायफल, तीन सौ पंद्रह बोर की एक बंदूक सहित भारी मात्रा में हथियार और माओवादी सामग्री बरामद की गई है। इस अभियान में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीएसएफ के जवान शामिल थे।

केदार कश्यप–शाला प्रवेश उत्सव

वन मंत्री केदार कश्यप कल रायपुरा स्थित पंडित गिरिजा शंकर मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने गणवेश, पाठ्य सामग्री और छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल प्रदान किया। इस अवसर पर श्री कश्यप ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए नवाचार मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

दुर्घटना

राजिम–अभनपुर मुख्य मार्ग पर बीती रात ट्रक और पिकअप में टक्कर हो गई। इस हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। नवापारा पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।

वहीं, कबीरधाम जिले में तेज रफ्तार डीजल टैंकर के अनियंत्रित होकर पलटने से चालक की मौत हो गई।

इधर, बलरामपुर में अंबिकापुर से उत्तरप्रदेश की ओर जा रही एक यात्री बस फूलीडूमर घाट के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब तीस यात्री सवार थे। इनमें से तीन यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर स्थित होने के कारण प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने कल एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

– केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में जल जीवन मिशन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में
छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव भी शामिल हुए।

– छत्तीसगढ़ कैडर के दो हजार पांच बैच के आईएएस अधिकारी राजेश सुकुमार टोप्पो को राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव के पद पर पदोन्नत किया है।

– छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया कल दस जुलाई को बलौदाबाजार में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय का शुभारंभ करेंगे।

– कवर्धा के चतरी गांव के पटवारी को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एसडीएम संदीप ठाकुर के आदेश पर की गई।

– कोंडागांव जिले के खालेमुरवेंड गांव में निर्माणाधीन नाले की दीवार गिरने से उसमें दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई।

– आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कोंडागांव जिले में ग्यारह जुलाई को महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गांव–गांव में विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

– दुर्ग में जिला रोजगार और स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा बारह जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

– सक्ती जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक और सहायिकाओं के पांच रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अट्ठारह जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

– बिलासपुर पुलिस ने हवन–पूजन के नाम पर एक महिला से छत्तीस लाख रूपसे से अधिक की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है।

– जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ की बालिकाओं और बालक वर्ग में सत्रह तथा पंद्रह वर्ष आयु समूह की टीम ने जीत हासिल की है। ये तीनों टीम अब दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>